न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 37 / 2024 बउनवानी प्रेमचन्द गुर्जर बनाम लो.सू.अधि.एवं अति0 जिला कलेक्टर,स0मा0
पुत्र श्री शिवलाल गुर्जर निवासी ग्राम टोटोलाई पोस्ट बूचालाई तह0 तलावडा GCMS No-2024/87

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज
23.8.2024	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही। लोक सूचना एवं अति0 जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर की ओर से पैरोकार राजस्व उपस्थित। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत दिनांक 18.6.2024 को लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर प्रार्थना पत्र मे उल्लेखित निम्नांकित सूचनाऐं उपलब्ध कराये जाने हेतु निवेदन किया गयाः–

1. ग्राम टोटोलाई के साबिक खसरा नम्बर 13,14,15,17,18,19,24,26,28 उक्त सभी ख0न0 नम्बरों का तुलनात्मक मिलान क्षेत्रफल की व उक्त सभी खसरा नम्बरों का मानचित्र की प्र. प्रति देवे
2. सम्पूर्ण ग्राम टोटोलाई का ट्रेसिंग क्लॉथ पर बने हुए पुराना व नया दोनो मानचित्रों की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावे।
3. सम्पूर्ण ग्राम टोटोलाई का सम्वत् 2016 का पुराना व नया दोनो मानचित्रों की प्र0 प्रति देवे।
4. ग्राम टोटोलाई का सम्वत् 246,336,335,355,222,223, उक्त सभी हाल ख0न0 को जिन पूर्व साबिक ख0न0 को विभाजित कर उक्त सभी हाल ख0न0 246,336,335, 355,222,223 बनाये गये उक्त सभी का तुलनात्मक मिलान क्षेत्रफल की प्र0 प्रति0 उपलब्ध करवायी जावे।
5. ग्राम टोटोलाई में नामा0 संख्या 300 दिनांक 20.12.2001 के आगे–पीछे के पृष्ट की प्र. प्रति।
6. ग्राम टोटोलाई के आवंटन आदेश संख्या 219 दिनांक 5.10.1998 श्री नरसी पुत्र बृजमोहन गुर्जर के नाम के आवंटन आदेश, कब्जा ट्रेस, कब्जा रिपोर्ट की प्र0प्रति0 उपलब्ध करावे।
7. ग्राम टोटोलाई में हाल ख0न0 263,336,355 का तरमीम शुद्वा मानचित्र की प्रमाणित प्रति।
8. सम्पूर्ण ग्राम टोटोलाई का सम्वत् 2019 एकीकरण मानचित्र की प्र0प्रति उपलब्ध करवायी जावे
9. ग्राम टोटोलाई के साबिक ख0न0 28 से बनाये गये नवीन ख0न0 की सम्वत् 2032–25 की जमाबन्दी खतौनी की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में उल्लेखित सूचना, लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर द्वारा अपीलान्ट को अन्दर मियाद उपलब्ध नही कराये जाने के कारण उक्त अधिनियम की धारा 19(1) के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया साथ ही सम्बन्धित उभयपक्षों को सुनवाई तलबी का नोटिस जारी की गयी।

Signature Not Verified
Digitally signed by Khushaal Yadav
Date: 2024.09.24 13:24:26 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner

नियत पेशी पर अपीलान्ट उपस्थित नही। दौराने सुनवायी उपस्थित पैरोकार राजस्व ने लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस क्रमांकः एफ.13(1)(58)/सूकाअ/2024/856 दिनांक 22.8.2024 की ओर ध्यान आकर्षित कर कथन किया कि अपीलान्ट द्वारा प्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक 18.6.2024 के बिन्दु संख्या 1 से 9 में चाही गयी सूचना के संबंध में अपीलान्ट को प्रभारी अधिकारी भू0अ0 अनुभाग के पत्रांक प.14/7/3/सूकाअ/भू.अ./रि./2024/दिनांक 2277 दिनांक 25.7.2024 से वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है कि बिन्दु संख्या 1 मे चाहा गया मिलान क्षेत्रफल नही है शेष सूचना के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करें बिन्दु संख्या 2,3 मे चाहे गये नये नक्शे पटवारी हल्का से प्राप्त करे तथा बिन्दु संख्या 2,3,8 मे चाहे गये पुराने नक्शों एवं बिन्दु संख्या 5 की सूचना के लिए नियमानुसार जिला अभिलेखागार मे आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए तथा बिन्दु संख्या 4,6,7,9 मे चाहा गया रिकार्ड उपलब्ध नही होने के कारण अपीलान्ट को दिया जाना सम्भव नही होने के संबंध में अपीलान्ट को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है। इसलिए अपील अपीलान्ट खारिज किये जाने बाबत पैरोकार राजस्व द्वारा निवेदन किया गया।

पैरोकार राजस्व द्वारा किये गये कथन एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचता हूँ, कि अपीलान्ट द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 18.6.2024 को प्रेषित प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या 4,7,9 मे चाही गयी सूचना से संबंधित रिकार्ड जिला अभिलेखागार (भू0अ0) मे उपलब्ध नही होने के संबंध में तथा बिन्दु संख्या 6 की सूचना का संबंध जिला अभिलेखागार भू0अ0 से नही होने के कारण अपीलान्ट को उक्त बिन्दु संख्या 6 की सूचना उपलब्ध करवाया जाना सम्भव नही है तथा बिन्दु संख्या 1,2,3,5,8 की सूचना के लिए प्र0अ0 भू0अभिलेख को नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत कर नकल प्राप्त करने हेतु लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर द्वारा जरिये पत्रांक 787 दिनांक 25.7.2024 से अपीलान्ट को लिखा जा चुका है। अतः अपीलान्ट को निर्देशित किया जाता है कि बिन्दु संख्या 1,2,3,5,8 की सूचना नियमानुसार नकल के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत प्राप्त कर सकता है। उक्त निर्देश के साथ अपील अपीलान्ट का निस्तारण किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी।

(डॉ0खुशाल यादव)
जिला कलेक्टर
सवाई माधोपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Khushaal Yadav
Date: 2024.09.24 13:24:26 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner